पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने पाक्षिक समाचार पत्रिका 'न्यूज टाईम्स' का लोकार्पण किया

लखनऊ 15 फरवरी, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज राजभवन में पाक्षिक समाचार पत्रिका 'न्यूज टाईम्स' का लोकार्पण करते हुए कहा कि समाचार लेखन में अपनी राय हो सकती है मगर समाचार में पूरी पवित्रता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक एवं मासिक पत्र-पत्रिकाओं का अपना अलग महत्व है। पाक्षिक समाचार पत्र में विषय एवं घटनाओं का विश्लेषण प्रबुद्ध करने के उद्देश्य से किया जाता है। सूचना एवं प्रौद्योगिकी के युग में रोज नयी-नयी क्रांति हो रही हैं जिसमें संचार माध्यमों का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता के उच्च आदर्शों को ध्यान में रखते हुए सच्चाई एवं सकारात्मक दृष्टि के साथ समाज के सामने दर्पण रखें।

राज्यपाल ने न्यूज टाईम्स पत्रिका के लैंगिग भेद पर आधारित विशेषांक पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पूर्व में लोग समझते थे कि महिलाएं केवल शिक्षिका एवं नर्स के व्यवसाय तक सीमित हैं। 25 विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति होने के अनुभव से मैं यह कह सकता हूँ कि आज समय बदला है, हर क्षेत्र में महिलाएं आगे जा रही हैं। दीक्षान्त समारोह में 65 से 70 प्रतिशत लड़कियाँ स्वर्ण पदक प्राप्त कर रही हैं। उन्होंने कहा कि इसकी चर्चा होनी चाहिए क्योंकि यह आज का प्रासंगिक विषय है।

श्री सौरभ मिश्रा अध्यक्ष न्यूज टाईम्स ने न्यूज टाईम्स पत्रिका, वेब पोर्टल आदि के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती रेखा पंकज प्रधान सम्पादक ने किया तथा श्री भाष्कर दुबे प्रबंध सम्पादक ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर श्री संजय मिश्रा सहित अन्य लोग विशिष्टजन उपस्थित थे।

अंजुम/ललित/राजभवन(59/18)